वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

परीक्षा समिति की बैठक **दिनांक 18.07.2024** को **12.30 बजे** (मध्यान्ह) विश्वविद्यालय परिसर के प्रशासनिक भवन के कुलपति सभा कक्ष में आनलाईन/आफलाईन सम्पन्न हुई, जिसमें अध्यक्ष सहित निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे:–

01.	प्रो. वन्दना सिंह, कुलपति।	**अध्यक्ष**
02	प्रो.सौरभ पाल, संकायाध्यक्ष, इंजी.और टेक्नो संकाय, वी.बी.एस.पी.यू.,जौनपुर	सदस्य
03.	प्रो. अजय द्विवेदी,संकायाध्यक्ष, प्रबन्ध अध्ययन संकाय, वी.बी.एस.पी.यू.,जौनपुर	सदस्य
04.	प्रो0 राजेश शर्मा, संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय, वी.बी.एस.पी.यू.,जौनपुर	सदस्य
05.	प्रो,0 मनोज मिश्रा संकायाध्यक्ष, अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान एवं मानकीय संकाय, बी.वी.एस.पी.यू. जौनपुर।	सदस्य
06.	प्रो0 अवधेश नारायण राय, समाजशास्त्र विभाग, संकायाध्यक्ष कला संकाय स्वामी सहजानन्द, पी0जी0 कलेज, गाजीपुर।	सदस्य
07.	प्रो0 राजेश कुमार सिंह, संकायाध्यक्ष, विधि टी0डी0पी0जी0 कालेज, जौनपुर।	सदस्य
08	प्रो0 अजय कुमार दूबे, संकायाध्यक्ष शिक्षा संकाय, तिलकधारी महाविद्यालय, जौनपुर	सदस्य
09.	प्रो0 सत्यप्रकाश, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, श्री महन्थ रामाश्रय दास महाविद्यालय, भुड़कुड़ा, गाजीपुर।	सदस्य
10	प्रो0विजय कुमार उपाध्याय,वरि0प्राध्यापक,गोविन्द बल्लभ पंत महा0प्रतापगंज, जौनपुर	सदस्य
11.	प्रो0 जगदीश सिंह दीक्षित,सेवानिवृत्त एसो0प्रो0 टी0डी0कालेज, जौनपुर निवास– अक्षय भवन 5/146ए–1 के.राम जानकी धाम कालोनी, शिवपुर, वाराणसी।	सदस्य
12.	प्रो0 रणंजय सिंह, प्राचार्य, बजरंग पी0जी0 कालेज, प्रतापगढ़	सदस्य
13.	डा0 राहुल सिंह, अध्यक्ष, शिक्षक संघ, टी0डी0 कालेज, जौनपुर	सदस्य
14	डा0 शैलेन्द्र सिंह, महामंत्री शिक्षक संघ, टी0डी0 कालेज, जौनपुर	सदस्य
15.	वित्त अधिकारी, वी.बी.एस.पी.यू.,जौनपुर	विशेष आमंत्रित
16.	कुलसचिव, वी.बी.एस0पी.यू, जौनपुर।	विशेष आमंत्रित
17.	परीक्षा नियंत्रक, वी.बी.एस.पी.यू.,जौनपुर	सचिव

18.07.24

उक्त बैठक की कार्यवाही निम्नवत् है–

सर्वप्रथम मा0 कुलपति जी द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात् बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदया की अनुमति से प्रारम्भ हुई।

कार्यसूची सं0 1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठयक्रमों के पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर सत्र 2023–24 की परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्रों का बैक/कैरी फारवार्ड परीक्षा कराने पर विचार।

निर्णय : सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से छात्रहित में पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर के अनुत्तीर्ण छात्रों का बैक/कैरी फारवार्ड परीक्षा तथा संबंन्धित प्रश्नपत्रो मे आन्तरिक परीक्षा/प्रायोगिक परीक्षा/मौखिकी परीक्षा एक माह के अन्दर कराने का निर्णय लिया गया। जिससे की छात्रो का अगले पाठ्यक्रमों मे प्रवेश हेतु 01 वर्ष का प्रतीक्षा न करना पड़े। उक्त निर्णय मात्र इसी सत्र के लिए प्रभावी होगा।

कार्यसूची सं0 2. षष्टम (VI) सेमेस्टर के दो मुख्य विषयों में से किसी एक विषय में प्रोजेक्ट नहीं लेने के कारण अनुत्तीर्ण छात्रों के प्रकरण पर विचार।

निर्णय : सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की अनुत्तीर्ण छात्रों के परीक्षाफार्म में प्रोजेक्ट रिपोर्ट अंकित कराते हुये सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा प्रोजेक्ट रिपोर्ट का अंक अपलोड कराये जाने का निर्णय लिया गया।

कार्यसूची सं0 3. परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 28.08.2022 मे कुछ महाविद्यालयो पर लगाये गये अर्थदण्ड पर पुनःविचार।

निर्णय : सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व में परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 28.08.2022 द्वारा अधिरोपित अर्थदण्ड रू.2,00,000/– (रू. दो लाख मात्र) यथावत रखते हुये सम्बन्धित महाविद्यालयों को पत्र निर्गत किया जाय एवं छात्रहित में परीक्षा परिणाम घोषित करते हुये अंकपत्र निर्गत किया जाय।

कार्यसूची सं0 4. विधि संकाय के प्रायोगिक परीक्षा में छात्र संख्या के आधार पर बैच बनाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

18.02.24

निर्णय : सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 180 छात्रों तक एक बैच एवं 180 छात्रों से अधिक संख्या होने की स्थिति में 02 बैच बनाकर प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न करायी जाय। बैच की अधिकतम संख्या 02 ही रहेगी। उक्त निर्णय सत्र 2024–25 में प्रभावी होगा।

कार्यसूची सं0 5. वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, जौनपुर द्वारा मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा/मौखिकी परीक्षा एवं अन्य परीक्षा कार्य करने वाले शिक्षकों को उपस्थित (ON DUTY) समझे जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

निर्णय : सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वित्तापोषित, राजकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के जो शिक्षक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा/मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराएंगे उन्हें उस अवधि में उपस्थित (ON DUTY) माना जाए।

18.07.24

(अजीत प्रताप सिंह)
परीक्षा नियंत्रक/सचिव

V.S. 18/07/24

प्रो0(वन्दना सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष